हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 10. 0 डिग्री

4
बौद्धिक परिचर्चा में शामिल हुई न्यायिक मजिस्ट्रेट
कैरियर मार्गदर्शन के संबंध में दी जानकारी



## खबर संक्षेप

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक मंगलवार 19 दिसम्बर को कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में शाम 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में खरीफ सिंचाई की समीक्षा एवं आगामी रबी सिंचाई कार्यक्रम 2023 तथा खाद बीज की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी। सचिव व नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर ने जिले के कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि बैठक में भाग लेकर अपना सुझाव रखकर कार्यक्रम निर्धारण में सहयोग प्रदान करें। सचिव व नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर ने बैठक में शामिल होने कहा है।

### स्थायी दिव्यांगता के सहायता राशि पर दावा आपत्ति 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख रूपए एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख रुपए प्रदाय किया जाना प्रावधानित किया गया है। पंजीकृत हितग्राही का आधार कार्ड, ई-श्रम पंजीयन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र, थाने में दर्ज प्राथमिकी या पंचनामा, शव परीक्षण रिपोर्ट के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। इस हेतु दावा आपत्ति 29 फरवरी तक ही स्वीकार किये जायेंगे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः ही जिम्मेदार होंगे।

### बालगृह की स्थापना व संचालन के लिए प्रस्ताव 2 जनवरी तक

**जांजगीर-चांपा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम हो, बालगृह (बालक) एजेन्सी के संचालन हेतु 2 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। बालगृह बालक की स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओ का आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को सभी दस्तावेज एवं विवरण सहित आवेदन में प्रस्तुत कर सकेंगे।

---

### महंगे दामों में दवा खरीदना मरीजों के लिए हो जाता है मुश्किल

# निजी एवं सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर लिख रहे ब्रांडेड दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के ज्यादातर सरकारी एवं निजी डॉक्टर मरीजों के लिए जेनेरिक दवा लिखने के बजाय ब्रांडेड दवा लिख रहे। ऐसे में मजबूरन मरीज एवं उनके परिजनों को अधिक दामों में दवाई खरीदने की मजबूरी बनी हुई है, जबकि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर श्री धन्वंतरि जनरल मेडिकल स्टोर्स खोले गए है।

गौरतलब है कि अविभाजित जिले के ज्यादातर सरकारी एवं निजी डॉक्टर अस्पताल में उपचार कराने वाले मरीजों के लिए सस्ती जेनेरिक दवा के बजाय ब्रांडेड दवा लिख रहे हैं। ऐसे में मध्यम एवं गरीब वर्ग से आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों के लिए महंगे दामों में ब्रांडेड दवा खरीदना मुश्किल हो जाता है। राज्य शासन के स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा शहरी क्षेत्र में रहने वाले मध्यम एवं गरीब वर्ग के लोगों को सस्ते दामों में जेनेरिक दवा प्राप्त हो सके इसके लिए अविभाजित जिले के चार नगर पालिका एवं 11 नगर पंचायतों में श्री धनवंत्री मेडिकल स्टोर खोले गए है। इस मेडिकल स्टोर खोलने का प्रमुख उद्देश्य लोगों को कम दामों में सस्ती दवा उपलब्ध करानी है, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मरीजों का उपचार करने वाले डॉक्टर ब्रांडेड दवा लिख रहे हैं, जबकि शासन के आदेश के मुताबिक मरीज एवं उनके परिजनों के लिए जेनेरिक दवा लिखा जाना है, लेकिन इस आदेश का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में इसका लाभ मरीज एवं उनके परिजनों को नहीं मिल पा रहा। जांजगीर, अकलतरा, सक्ती, बाराद्वार चांपा आदि क्षेत्रों में सरकारी एवं निजी डॉक्टर मरीजों का उपचार करते हैं, लेकिन वे मरीजों के लिए ब्रांडेड दवा लिख देते है, जिसका लाभ मेडिकल दुकान संचालक एवं डॉक्टरों को होता है, लेकिन मरीज इससे महरूम रह जाते हैं। जिले के सरकारी एवं निजी अस्पतालों में ज्यादातर मरीज उपचार कराने के लिए डॉक्टर के पास जाते हैं लेकिन वह जेनेरिक दवा नहीं लिखते हैं।



जेनेरिक दवाई दुकान।

#### 8 सौ से अधिक मेडिकल दुकान संचालित

जिले में 800 से अधिक मेडिकल दुकान संचालित है वहीं जेनेरिक दवा दुकानों की संख्या 15 है। मेडिकल एवं जेनेरिक दवा के दामों में काफी अंतर रहता है। मेडिकल में जहां पेरासिटामोल टेबलेट की कीमत 10 रुपया 20 पैसा है जबकि जेनेरिक दवा की कीमत 3 रुपया 88 पैसा है। इसी प्रकार निमोस्लाइड की कीमत मेडिकल स्टोर में 10 रुपया 50 पैसा है वही जेनेरिक दवा दुकान में इस दवा की कीमत साथ रुपया 50 पैसा है। डस्टिंग पाउडर मेडिकल में 116 रुपया है जबकि जेनेरिक दवा दुकान में इसकी कीमत रुपया 8 पैसा है, सेट्रिजीन 18 रुपया 48 पैसा वही जेनेरिक में सात रुपया दो पैसा है। मल्टीविटामिन सिरप की कीमत मेडिकल 169 रुपया है जबकि धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में इस दवा की कीमत 64 रुपया 22 पैसा, डाइक्लोविन प्लस मेडिकल में रुपया 105 रूपया तो वही जेनेरिक दवा की कीमत 39 रुपया 90 पैसा है। सिप्रो क्लोरीन मेडिकल स्टोर में 39 रुपया 75 पैसा तो जेनेरिक दवा की कीमत 15 रूपया 11 पैसे है।

#### जारी किया गया आदेश

सरकारी एवं निजी अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टरों को मरीजों को सस्ती जेनेरिक दवा उपलब्ध करानी है, ताकि गरीब एवं मध्यम वर्ग से आने वाले लोग सस्ते दामों में दवा खरीद सके। इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी किया गया है।

-डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया,
सीएमचओ, जांजगीर चांपा

---

# अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाए जाने पर 5 वाहन जब्त

### गौण खनिज अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन मामले में उडनदस्ता टीम द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाने 5 वाहनों की जब्ती बनाई गई है।

ज्ञात हो कि रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर उड़नदस्ता टीम द्वारा कार्रवाई कर 5 वाहनों की जब्ती बनाई गई है। जो वाहन जब्त किए गए है उनमें 2 हाइवा, 2 ट्रैक्टर एवं 1 चैन माउंटेन मशीन शामिल है। खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी उत्तम प्रसाद खूँटे, प्रभारी खनिज निरीक्षक द्वारा कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में नवापारा, बम्हनीडीह एवं पीथमपुर क्षेत्र में खनिजो के अवैध अवैध उत्खनन, परिवहन करने वाले वाहनो व अवैध भण्डारण करने वाले स्थलो में छापामार कार्रवाई की गई। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि ग्राम नवापारा में रात्रि में जॉच के दौरान 1 चौन माउन्टेन मशीन को खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर जप्त कर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया साथ ही अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 4 प्रकरण 2 ट्रैक्टर, 2 हाईवा दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन व उत्खनन करने वाले कुल 5 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के तहत कार्रवाई की जाएगी समस्त वाहनो को पुलिस अभिरक्षा मे रखा गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जांच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। जिससे वाहन मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है।





जब्त वाहन तथा जब्त करने की कार्रवाई करते अफसर।

---

# अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सडक किनारे से निकल रहे युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले को लेकर जांच में जुट गई है। घटना सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम नवापारा में एनएच पर हुआ। खास बात यह है कि उक्त युवक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। हालांकि पुलिस टीम द्वारा खोजबीन की जा रही है।

इस संबंध में सिटी कोतवाली जांजगीर से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार 18 दिसम्बर सुबह की है। थाना जांजगीर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नवापारा मे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एंव लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सडक किनारे से चल रहे अज्ञात युवक उम्र 35 वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास के लोगों ने पुलिस एवं एम्बुलेंस को फोन किया। इधर एम्बुलेंस टीम मौके पर पहुंची और युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि युवक की हालत काफी गंभीर थी। इधर जिस वाहन से हादसा हुआ था, वह भी घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही जांजगीर पुलिस घटना स्थल पहुंची एंव अज्ञात युवक के शव का पंचनामा उपरांत पीएम की कार्यवाही के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस मृतक युवक के परिजनो की पतासाजी में जुट गई है।

#### खास बात

- युवक की पहचान करने में जुटी पुलिस
- सिटी कोतवाली अंतर्गत नवापारा के पास हुआ हादसा




#### की जा रहा पतासाजी

अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच मे जुट गई है। वही मृतक के संबंध मे जानकारी जुटाई जा रही है।

-अशोक वैष्णव,
थाना प्रभारी
सिटी कोतवाली

---

### आरक्षक की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत

**देवरी-सारागांव।** डयूटी के दौरान एक आरक्षक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया जाता है कि रात 1 बजे के करीब उसे दौरा पड़ा और मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस में तैनात आरक्षक 683 टेकचंद कर्ष पिता स्व. महेत्तर लाल कर्ष उम्र 38 साल साकिन पचौरी थाना सरगांव की हृदय घात होने से मौत हो गयी है। बताया जा रहा है कि हमेशा की तरह बीती रात भी वह आरक्षक टेक चंद थाना में अपनी ड्यूटी कर रहा था इसी दौरान मध्य रात्रि लगभग 12 से 1 बजे की बीच उनकी तबियत खराब लगने लगी और वे वही बेहोश हो गए तब उनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौप दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सारागांव थाना के स्टाप भी शामिल हुए।



आरक्षक टेकचंद कर्ष।

---

### कब मिलेगी निजात...




**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के वार्ड नंबर 18 में खंभा नहीं लगने का खामियाजा वार्डवासी भुगत रहे है। बिजली का अस्थायी कनेक्शन तो दे दिया है, मगर बिजली तार को यूं ही बांस के सहारे लटका दिया गया है। फोटो : हरिभूमि

---

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 22 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक आई.टी.आई. सक्ती नंदेली भाठा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक न्यूट्रीन्टी काप केयर प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, ग्रुप लीडर, एवं टीम लीडर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वी एवं ग्रुप लीडर व टीम लीडर पद के लिये 12वी स्नातक कृषि निर्धारित किया गया है।

---

## हत्या करने की नीयत से चाकू से किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- अकलतरा थाना अंतर्गत कोटमीसोनार का मामला

हत्या करने के नियत से धारदार चाकू नुमा हथियार से प्राण घातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले फरार आरोपियों को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संजय कुमार यादव रात्रि करीब 8.30 बजे अपने साथी के साथ गांव के डबरी ठाकुरदिया के पास बैठा था। उसी समय सुनील दास शराब के नशे में अपने भाई शनिदास और साथी विद्यानंद पटेल, प्रकाश कुमार वस्त्रकार के साथ आया पैसे के लेन देन को लेकर प्रार्थी संजय कुमार यादव को एक राय होकर सभी जान से मारने की नियत से मारपीट करने लगे और शनिदास मानिकपुरी द्वारा धारदार लोहे के चाकू से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया है। आरोपियो के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 307, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। पूर्व में आरोपी शनिदास मानिकपुरी एवं सुनील दास के विरुद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। प्रकरण के आरोपी विद्यानंद पटेल 23 वर्ष कोटमीसोनार व प्रकाश कुमार वस्त्रकार 35 वर्ष कोटमीसोनार घटना दिनांक से फरार थे, जिसको मुखबीर की सूचना पर उसके घर से पकड़ कर हिरासत में लिया गया घटना के संबंध में पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।




---

### दर्जन भर वाहनों की बनाई जब्ती, लगातार की जा रही कार्रवाई

# मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों को खड़ा करना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लापरवाही पूर्वक ट्रेलर व हाइवा वाहन को मेन रोड, आम रोड में खड़ें कियें 11 वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार 17 दिसंबर को चालकों के द्वारा बड़े वाहनो को लापरवाही पूर्व खड़ी कर दिया गया था। जिसे आने- आने वाले लोगो को परेशानी हो रही थी। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए दर्जन भर वाहनों की जब्ती बनाकर धारा 283 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वाहन चालक मनोज यादव, देवगुन यादव, गुड्डु कुमार सिंह, प्रवीण कुमार साहू, उमाकांत यादव के विरूद्ध थाना जांजगीर में अलग-अलग धारा 283 भादवि के तहत पंजीबद्ध किया। वाहन क्रमांक ट्रेलर सीजी 04 पीडी 8119, ट्रेलर एक्यू 17-एएफ 2050, ट्रेलर सीजी-04 एनएक्स 8419, ट्रेलर सीजी 10 एजे 9785, हाईवा सीजी 11 बीच 5132 को जप्त किया गया है। इसी प्रकार थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम तरौद में रोड में वाहन क्रमांक ट्रेलर सीजी 04 सीएच 8074, ट्रेलर सीजी-10 2507, हाइवा सीजी 10 7226, ट्रेलर एमपी 8 बी 5413, ट्रेलर सीजी 12 एएच 2178 को वाहन चालक अफरान अंसारी, मुनीर अंसारी, नितिश कुमार, संजय पोर्ते, कन्हैया लाल पासवान के द्वारा लापरवाही पूर्वक खड़े कियें जाने पायें जाने पर थाना अकलतरा में अलग-अलग अपराध धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर वाहन को जप्त किया गया है। थाना चाम्पा क्षेत्र के ग्राम हथनेवरा मुख्य मार्ग रोड में वाहन चालक रामगोपाल साहू द्वारा लापरवाही पूर्व ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 7 पीए 8158 वाहन को जब्त किया गया। चालक के विरूद्ध थाना चाम्पा में धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।





जब्त किए गए वाहन।

---

## 45 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

45 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। रविवार 17 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि इंदिरा उद्यान के पीछे अकलतरा निवासी गोपाल सिंग द्वारा अपने कब्जे मे अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री के लिए रखा है। जिसके कब्जे से 50 लीटर वाली नीले रंग के जरिकेन मे करीब 45 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 63 सौ रूपए मिला। जिसको बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर 17 दिसंबर को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक टी.एस. पट्टावी, सउनि अरूण सिंह, प्रधान आरक्षक राकेश चतुर्थी, आरक्षक शशीकांत कश्यप, राजेश कश्यप, रामगोपाल बरेठ का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### संकल्प वैन का मदनपुर में अभूतपूर्व स्वागत

**कटघोरा।** ग्रामीणजनों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई। विकसित भारत संकल्प वैन प्रातः 10 बजे मदनपुर रजकम्मा पहुँची। सर्वप्रथम मंचस्थ अतिथि विधायक तुलेश्वर मरकाम, कृष्ण कुमार यदु मंडल अध्यक्ष,नीलेश यदु जनपद सदस्य,गौरमती ध्रुव सरपंच, सुकालूराम प्रजापति उपसरपंच चैतमा, कुलदीप मरकाम, भूपेंद्र कुमार सोनवानी मुख्य कार्यपालन अधिकरी, सुमित्रा धीरहे ,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीराम मरकाम, प्रभारी प्राचार्य पुष्पक साहू,बी एम ओ रात्रे जी,सी ए सी जीवन सिंह मरकाम ने संकल्प रथ का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वैन में लगे एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश, विकसित भारत का संकल्प, शपथ और विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। पंचायत के उषा ध्रुव, भोलाराम अहीर,गंभीर ध्रुव, नान्ही राम अहीर,कलेश्वर ध्रुव सहित अन्य ग्रामीण जनों ने केंद्र सरकार की चल रही योजनाओं से लाभान्वित होकर अपने अनुभव को साझा किया।

### श्री सप्तदेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**कोरबा।** अखिल भारतीय मारवाडी महिला सम्मेलन छग प्रदेश की शाखा के द्वारा 16 दिसम्बर से श्रीसप्तदेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ किगया। भागवत कथा आचार्य लाल जी दीक्षित महाराज अपने सहयोगियों के साथ मथुरा वाले श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित की गई है। भागवत कथा के पूर्व महिला मंडल के द्वारा सुबह 10 बजे मिशन रोड स्थित श्रीश्याम मंदिर से श्री सप्तदेव मंदिर तक कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो मुख्यमार्ग होकर मंदिर पहुंची जहं देव स्थापना कर इस यात्रा को विराम दिया। जिसके बाद दोपहर 3.30 बजे से कथा प्रारम्भ की गई एवं कथा में भागवत महाम्य, भीष्म स्मृति, परीक्षित चरित्र, शुकदेव जी की मनमोहक कथा सुनाकर आचार्य ने सभी को भाव विभोर कर दिया। समिति ने ने समस्त नगर वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक की संख्या में मंदिर पधारकर कार्यक्रम का पुण्य लाभ अर्जित करें।

### विधायकों से मिला छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ एवं जिला इकाई ने शहर विधायक लखनलाल देवांगन एवं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से उनके गृह निवास में पहुंचकर मुलाकात की। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा जिले में कार्यरत कर्मचारियों, शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। विधायकों द्वारा अपनी जीत में कर्मचारियों, शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान के लिए पदाधिकारियों को साधुवाद प्रकट की। उनके द्वारा बताया गया कि जिले मे कार्यरत कर्मचारियों शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं पर विभागीय अधिकारियों का समीक्षात्मक बैठक लेकर समस्याओं के समाधान की पहल करने की बात कही गई।

# बच्चों का भोजन बनाने वाले चार माह से तरस रहे अपने मानदेय के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्कूली बच्चों को प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए शुरू किए गए मध्यान्ह भोजन जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम के संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्व सहायता समूह के रसोईयों को बीते चार माह से उनका अपना मानदेय नहीं मिला है। राज्य शासन द्वारा जारी किए जाने वाले फंड के हेड में कोई तकनीकी त्रुटि आने की वजह से आबंटन ही नहीं प्राप्त हुआ, जबकि चार माह बीत चुके हैं रसोईयों को अपने मानदेय के लिए विभाग का चक्कर लागते हुए।

जिले में 1422 प्राथमिक व प्राईमरी मीडिल स्कूल हैं। जहां मध्यान्ह भोजन चलाने का काम गांव के ही महिला स्व सहायता समूह को उनको आर्थिक रूप से सक्षम और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से दिया गया है। महिला समूह की सदस्य भी इस काम को बखूबी अपनी जिम्मेदारी से निभा रही हैं। मध्यान्ह भोजन हेतु चावल, शहरी क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य के दुकानों के माध्यम से प्राप्त होता है तो ग्रामीण अंचल में पंचायतों के माध्यम से चावल प्रदान किया जाता है। इनके अलावा शेष खर्च के लिए विभाग स्तर से प्रति बच्चे 5 रूपये के हिसाब से राशि आबंटित होती है। इसके अलावा स्व सहायता समूह को रसोईए के लिए मानदेय दिए जाने का एक प्रावधान है। विभाग स्तर पर 1200 रूपये मानदेय प्रदान करने का नियम है और यही उनको दिया भी जा रहा है, लेकिन बीते चार माह से यह राशि भी उनको नहीं मिली है। लगातार अपने विभाग का चक्कर काटने वाले रसोईए प्रशासन के समक्ष भी गुहार लगा चुके हैं, किंतु आचार संहिता का अवाला देकर उनके इस मांग को गंभीरता से नहीं लिया गया। रसाईयों संघ की माने तो विभाग के द्वारा यह बताया जाता है कि वित्त विभाग से जिस हेड में उनके मानदेय की राशि जाती है वह हेड में तकनीकी त्रुटि आने की वजह से विभाग को राशि का आबंटन नहीं हो सका है। दूसरी ओर रसोईयों संघ का कहना है कि विभाग चार माह से तकनीकी त्रुटि दूर नहीं कर सका और एनकेएन प्रकारेण परेशान किया जा रहा है। इधर महिला समूह ने भी विभागीय अधिकारियों से मानदेय की गुहार लगाई है।

## तकनीकी त्रुटि बता रहा राशि आबंटन वाला विभाग

**खास बातें**

- प्राइमरी व मीडिल स्कूल में स्व सहायता समूह के जिम्मे है मध्यान्ह भोजन
- जिले में 1422 प्रायमरी स्कूल हैं संचालित



### फंड नहीं मिलने से मीनू का पालन नहीं

मध्यान्ह भोजन के लिए आने वाले फंड भी नियमित रूप से नहीं मिल पाता। जिसकी वजह से बच्चों को दिए जाने वाले मीनू के अनुसार भोजन नहीं मिल पाता। अगर मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जाए तो उसका खर्च भी शिक्षकों को वहन करना पड़ जाएगा। शासन के द्वारा जारी मीनू में पोष्टिक भोजन के साथ फल और आचार, पापड़ जैसे खाद्य पदार्थ भी शामिल हैं, जो आज की महंगाई के दौर में समूह के हाथ से बाहर है।

### लकड़ी के ईंधन से मन रहा मध्यान्ह भोजन

शहर के साथ-साथ गांव के स्कूलों में लकड़ी के ईंधन से मध्यान्ह भोजन बन रहा है। उज्जवला योजना के तहत महिला समूहों को गैस कनेक्शन देने की भी योजना थी वह भी मैदानी स्तर पर नहीं संपन्न हो सकी। समूह की महिलाओं के अनुसार सिलेंडर महंगा है, जिसके कारण उसे लेना उनके बस की बात नहीं है, क्योंकि जब छोटे-छोटे खर्च की राशि विभाग से मिलने में तकनीकी मारण सामने आता है तो ऐसे में मध्यान्ह भोजन गैस के कनेक्शन में कैसे बन सकेगा। स्थिति यह है कि शहर के स्कूलों में भी लकड़ी का ईंधन ही एक सहारा है।

## कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र का मामला, वन विभाग की टीम ने रुकवाया काम

# नाला किनारे वन भूमि में खेत बनाने की साजिश, रात के अंधेरे में चल रही थी जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में वनभूमि पर अवैध कब्जे का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लोग वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की आंखों में धूल झोंककर खेत बनाने का गोरखधंधा चला रहे हैं। इसी तरह का नया मामला फिर से सामने आया है। रात के अंधेरे में जेसीबी लगाकर नाला किनारे खेत बनाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन वन विभाग की टीम समय रहते मौके पर पहुंची और काम रुकवाकर जेसीबी वाहन को जप्त कर लिया है। पकड़े गए लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मामला कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र का है। सखोदा के कंपार्टमेंट नंबर पी 329 में पड़ोस के जिले से जेसीबी लाकर रात के अंधेरे में नाला के किनारे अवैध कब्जा करने की नीयत से वनभूमि में जेसीबी लगाकर खुदाई किया जा रहा था ताकि जमीन पर कब्जा किया जा सके और उसे खेत के रूप में तब्दील किया जा सके। मुखबिर से जैसे ही इसकी सूचना कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को मिली तो उन्होंने वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे को कार्यवाही का निर्देश दिया। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम मौके पर पाया कि कुछ लोग जेसीबी लगाकर अवैध उत्खनन कर खेत बनाने का काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने तत्काल काम रुकवा कर जेसीबी को जप्त कर लिया है। पूछताछ किए जाने पर जेसीबी ऑपरेटर द्वारा कोई वैध दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किया गया एवं जेसीबी मालिक का नाम साधारण सिंह प्रेम नगर निवासी बताया गया।



वन विभाग द्वारा जब्त जेसीबी व चालक।

### इस तरह के कई मामले आ चुके हैं सामने

कटघोरा और कोरबा वनमंडल में वनभूमि में अवैध कब्जा कर खेत बनाने का खेल लंबे समय से चल रहा है। इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। खासतौर पर जटगा वन परिक्षेत्र में एक बड़ी घटना सामने आई थी। जिसमें सैकड़ों पेड़ों को धराशाही कर कब्जे का खेल किया गया था। जिसमें वन विभाग को भारी आर्थिक नुकसान भी हुआ था लेकिन वन विभाग की टीम समय रहते उस कब्जे के खेल को रोकने में कामयाब हो गई थी लेकिन बड़े पैमाने पर पेड़ों की बलि चढ़ गई थी। इसी तरह बालको वन परिक्षेत्र में भी एक घटना सामने आई थी जहां कब्जा करने की नीयत से कई पेड़ों को धराशाही कर दिया गया था। वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को इस तरह के मामलों को गंभीरता से लेना चाहिए और इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले लोगों को जमकर सबक सिखाना चाहिए।

# एनएच के मुआवजे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों से गुजरने वाले नेशनल हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण का दौर अब भी जारी है। मुआवजा के निर्धारण को लेकर ग्रामीणों में रोस भी देखा जा रहा है। तीन दिन पूर्व कटघोरा विकासखंड के कापूबहरा में भूमि अधिग्रहण के लिए बैठक आहूत की गई थी। जिसमें मुआवजा निर्धारण को लेकर ग्रामीणों में असंतोष देखा गया। उनके द्वारा मुआवजे की दर बढ़ाने की मांग की गई। इसके पूर्व ग्राम गितकुंवारी और गिरारी में भी मुआवजा निर्धारण को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है। नेशनल हाईवे में आई भूमि का मुआवजा ग्रामिणों को ना मिलने से ग्रामिणों में काफी आक्रोशित दिखाई दे रहे है। अब स्थिति यह हो चुका है कि ग्रामीण वार्ता के लिए प्रशसानिक अधिकारियों से भी चर्चा करने के लिए नहीं है। एक ऐसा ही वाक्या कटघोरा के कापूबहरा की बताई जा रही है जहां एसडीएम रीचा सिंह ने मुआवजा को लेकर ग्रामिणों से चर्चा करने गई पर ग्रामीण चर्चा करने से साफ मना कर दिए। उनका कहना था कि भूमि अधिग्रहण में उनकी खेती की जमीन जा रही है। जिससे प्रतिवर्ष व धान बेचकर ही एक बड़ी रकम कमाते हैं लेकिन वर्तमान में जो दर निर्धारित किया गया है वह जमीन के महत्व को देखते हुए उचित नहीं है। यहां बताना होगा कि कोरबा चांपा मुख्यमार्ग में मुआवजा का दर अधिक निर्धारित किया गया है तब कहीं जाकर ग्रामीण अपनी जमीन देने को राजी हुए। हालांकि अभी भी उरगा से बालको से लगे ग्रामों की ओर आने वाले नेशनल हाईव के दायरे में आने वाले जमीन अधिग्रहण का दौर अभी शुरु नहीं हुआ है किंतु ग्रामीण यहां भी लामबंद होने लगे हैं। उनकी मानें तो मुआवजे का दर घोषित करने के लिए ग्राम सभा आयोजित किया जाए और वहां निर्धारित बढ़े हुए दर की जानकारी दी जाए।

**खास बातें**

- जिले में नेशनल हाईवे के निर्माण को लेकर चल रहा है भूमि अधिग्रहण का दौर
- ग्राम कापूबहरा में भी ग्रामीण हुए लामबंद



# आईपीएस फन फेयर कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में प्रत्येक आयोजनों को एक अलग तरीके से आयोजित किया जाता है लेकिन इस वर्ष विद्यालय में आयोजित आनंद मेला विभिन्न दृष्टिकोणों से अलग था। स्कूल में हर वह पल जहॉ से ज्ञान एवं जागरूकता का सबक मिलें, बच्चों को अवसर दिया जाता है कि इसमें वो अपनी प्रतिभा को दिखा सकें फिर बाल दिवस के साथ ही क्रिसमस का सुअवसर कैसे रह सकता है? कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन से न सिर्फ अभिभावकों का मनोरंजन होता है अपितु बच्चों में भी सामाजिकता का विकास होता है। एक ओर वे भविष्य में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का प्रयत्न करते हैं तो वहीं दुसरी ओर उनके मन से डर का भाव खत्म होता है। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि विविध पाठ्य सहगामी क्रियाओं के साथ-साथ अनेक मोरंजक कार्यक्रम भी बच्चों के मानसिक विकास में सहायक होते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता का भी विकास होता है साथ ही वे लेन-देन के माध्यम से मुद्रा के विनिमय व अर्थव्यवस्था का भी पाठ सीखते हैं।

# सरिया मंगाने के नाम पर ठेकेदार से 8 लाख की धोखाधड़ी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ठेकेदार सरिया मंगाने के नाम पर लाखों रुपए के धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। जब ठेकेदार को इसकी भनक लगी तो उसके होश उड़ गए और उसने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबहार निवासी नागेन्द्र कुमार सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जल जीवन मिशन कोरबा में ठेकेदारी का काम करता है व एन.आर. इन्टरप्राईजेस पोड़ीबहार कोरबा का संचालक है। उसे जिले में पानी टंकी बनाने का ठेका मिला हुआ है। जिसके लिए नागेन्द्र को 17 टन सरिया की आवश्यकता थी। तब नागेन्द्र ने गूगल में जाकर एनआर स्टील कार्पोरेशन कंपनी का डिटेल लिया। जिसमें एन.आर. स्टील कार्पोरेशन 9/10 सीताविहार एल.बी.एस मार्ग दामिनी स्टेट, थाणे वेस्ट, थाणे मुबंई महाराष्ट्र मोबाइल नंबर-6295104593 लिखा था। जिसके बाद नागेन्द्र ने अपने मोबाइल नंबर 9826169457 से एनआर कंपनी के मोबाइल नंबर-6295104593 पर बात कर 17 टन सरिया की डिमांड की। कंपनी से सरिया के लिए पहला कोटेशन 28 नवंबर तथा दूसरा कोटेशन 29 नवंबर को वाट्सअप पर प्राप्त हुआ। नागेन्द्र ने सरिया खरीदने के एवज मे अपने एन.आर. इंटरप्राईजेस के एम.पी.नगर एसबीआई के खाता क्रमांक 39646293584 से चेक क्रमांक 062986 से प्रथम भुगतान 29 नवंबर को 5 लाख 15 हजार रुपए एनआर स्टील कार्पोरेशन के बताये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाता संख्या 6046422934 मे आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किया। शेष भुगतान 30 नवंबर को चेक क्रमांक 062987 के माध्यम से 3 लाख 41 हजार 765 रूपये आरटीजीएस से बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाता संख्या 6046422934 में भुगतान किया। इसके पश्चात 1 दिसंबर को जब नागेन्द्र द्वारा उनके मोबाईल नंबर 6295104593 मे फोन किया गया तो उनका मोबाईल बंद आया जो आज पर्यन्त निरंतर बंद है। तब उसे अहसास हुआ कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। नागेन्द्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

**कोरबा।** जिले के दो अलग अलग क्षेत्रों में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। पहली घटना में मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई बाइक के पेड़ से जा टकराने से युवक की मौत हो गई तो वहीं दूसरी घटना में बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी जद में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तुमान शिव मंदिर निवासी सूरज कुमार सिह सिदार 18 वर्ष बजाज पल्सर को चलाते हुए शनिवार की रात्रि 7:30 बजे कटघोरा से वापस घर जा रहा था तभी बिंझरा चंदनपुर के बीच पुल के आगे बीच रोड में बैठे जानवर को बचाने के चक्कर में मोटर सायकल अनियंत्रित होकर आम पेड में टकरा गया जिससे सूरज के सीना, शरीर में गभीर चोट लगी और स्थानीय लोगों की मदद से कटघोरा अस्पताल में दाखिल कराया गया । जहां देर रात उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि ग्राम बरीडीह निवासी संदीप कुमार कुर्रे अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 11 सीएफ 5943 को स्वयं चलाते अकेले अपने सुसराल ग्राम बिरगहनी चांपा जा रहा था कि घटनास्थल चांपा कोरबा मेन रोड मडवारानी ओव्हरब्रिज के नीचे रोड में अज्ञात वाहन द्वारा एक्सीडेंट करने से गंभीर चोट आने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात दुर्घटनाकारित वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी गई है।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे आसामी रमेश कुमार सोनी पिता स्व. संतलाल सोनी निवासी सोनार पारा चाम्पा तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. ने शहर चाम्पा नजूल शीट क्र. 5 बी मोहल्ला सदर बाजार स्थित भू खंड क्र. 75/4 क्षेत्रफल 936 वर्ग फूट भूमि तथा उस पर बने मकान को धारक अशोक कुमार, कन्हैया लाल पिता मामचंद श्रीवास से क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे आसामी के पक्ष में निकट भविष्य में किया जाना प्रस्तावित है |

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक इत्यादि को उक्त वर्णित भूमि के विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त वर्णित भूमि संपत्ति पर स्वत्व सम्बन्धी कोई दावा हो तो वह अपना आपत्ति / दावा इस सुचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है नियत समय में किसी प्रकार का कोई आपत्ति / दावा प्राप्त नहीं होने की दशा में उक्त वर्णित सौदाकृत भूमि अविवादित मान कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे आसामी के द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जायेगा, बाद में प्राप्त आपत्ति/ दावा मान्य नहीं होगा

सो सुचना जाने

दिनांक : 19/12/223

**भवदीय**
**संतोष कुमार सोनी (अधिवक्ता चाम्पा )**
**तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ. ग.**
**मो. नं. 8770600407**

### न्यायालय कार्यपालिका दण्डाधिकारी, पामगढ़, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ. ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/788/तह./वा./23 पामगढ़, दिनांक 13/12/2023

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक राजेन्द्र आदित्य पिता चेतन लाल जाति कहरा निवासी ग्राम मांझापारा थाना शिवरीनारायण तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) ने आवेदन में शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके दादी जी बिन्दाबाई पति अवधराम की मृत्यु दिनांक 26/04/2014 को ग्राम मांझापारा में हुआ पर भूलवश मृत्यु पंजीयन ग्राम मांझापारा में नहीं कर पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया हैं जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 20/12/2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर जारी किया गया।

**कार्यपालिका दण्डाधिकारी**
**राहौद**

### पोड़ी उपरोड़ा में भी अक्षत कलश की पूजा

कोरबा। प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण का कार्य संपन्न हो रहा है। इसी कड़ी में 17 दिसंबर को प्रत्येक मंडल को अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश वितरित किया गया। जिसमे पोड़ी उपरोड़ा खंड में पोड़ी उपरोड़ा लक्ष्मीनारायण मंदिर एवं जटगा शिव मंदिर से किया गया। अक्षत कलश के वितरण कार्यक्रम सुबह 11 बजे से की गई।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट


गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपत्ति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता हैं।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।



# बघीरा का जबर्दस्त टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होमबेल फिल्म्स, भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में सबसे अच्छे कंटेंट निर्माता में से एक है। उन्होंने फैंस और दर्शकों को केजीएफ चैप्टर 1 और 2 और वैश्विक संसेशन कंटारा जैसे विविध कंटेंट के साथ एंटरटेन किया है। अब प्रोडक्शन हाउस ने अपने फिल्मोग्राफी के खजाने से एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के टीजर से पर्दा उठाया है और उन्होंने अपने अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट "बघीरा" का टीज़र लॉन्च किया है। बघीरा के एक मिनट 26 सेकंड लंबे एक्शन-पैक्ड टीजर को रिलीज किया, जो हमें फिल्म की दुनिया की एक दृष्टि प्रदान करता है।

लाइफ Style



# आलिया

## बेटी राहा को छोड़ना आसान नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा के सेपरेशन एंग्जाइटी पर खुलकर बात की है और बताया है कि कैसे उनके लिए अपनी खुशियों को छोड़ना कभी आसान नहीं होता।


आलिया और एक्टर रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को मुंबई में अपने वास्तु अपार्टमेंट वाले घर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। नवंबर 2022 में उनके घर में बेटी राहा का जन्म हुआ। एक्ट्रेस आलिया ने अपने फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन किया। एक यूजर ने पूछा, क्या आप अभी भी राहा के लिए सेपरेशन एंग्जाइटी महसूस करते हैं। आलिया ने फैन को जवाब देते हुए कहा, उसे छोड़ना कभी आसान नहीं होता। लेकिन मुझे लगता है कि इसे बदलने में थोड़ा समय लगेगा। यह देखते हुए कि मेरे दूर रहने पर भी वह परिवार के साथ है, मुझे राहत महसूस कराता है। एक्ट्रेस ने अपनी बच्ची के कुछ निकनेम भी साझा किए, राहु, रारा लॉलीपॉप। इसके अलावा, एक फैन ने उनसे पूछा, आप चिंता से कैसे निपटती हैं? उन्होंने कहा, हम सभी में कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो हमारी चिंता को बढ़ा सकती हैं, उदाहरण के लिए मैं खुद को किसी अचानक बदलाव या ऐसी स्थिति से बहुत परेशान हो जाती हूं, जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। लेकिन मुझे यह समझने में काफी समय लग गया। आलिया ने आगे कह, कभी-कभी आप जो महसूस करते हैं उसे नियंत्रित करने की कोशिश करना फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

हॉलीवुड मसाला



# स्टनिंग लुक से बांधा समा

**लॉस एंजेलिस।** एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो हॉलीवुड की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती है। हाल ही में इस सुपरमॉडल को मियामी में एक पार्टी को अटैंड करते हुए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से लोगों का खूब ध्यान खींचती नजर आईं। पार्टी से एक्ट्रेसेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एक्ट्रेस इस दौरान ऑफ व्हाइट सीक्विन्ड मिनीड्रेस में काफी स्टनिंग दिखीं।




# द कर्स ओटीटी पर 29 को होगी रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सीरीज द कर्स अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। यह आठ एपिसोड का एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर शो है। 'द कर्स' 29 दिसंबर को लायंसगेट प्ले पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्देशन नाथन फील्डर, नाथन ज़ेलनर और डेविड ज़ेलनर ने किया है। एम्मा स्टोन बेनी सफ़्फ़ी, हिकमा वारसेम, क्रिस्टोफर डी काल्डेरन, बरखाद आब्दी, सिडनी और सामंथा एशले के साथ अभिनय किया हैं। द कर्स सीरीज़ की कहानी तब शुरू होती है जब एशर और व्हिटनी की शादी को एक साल हो चुका है और दोनों उत्तरी न्यू मैक्सिको के एस्पनोला शहर में रहते हैं। इस तथ्य से निराश होकर कि यह एक अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्र है, दंपति आशेर के दोस्त डौगी शेक्टर की मदद से एक अभियान चलाते हैं।



# घूमर मेरे कॅरियर का टर्निंग पाइंट...

**मुंबई।** बॉम्बे बेगम्स, हड्डी जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर इवांका दास ने अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर स्टारर फिल्म 'घूमर' को अपने करियर का महत्वपूर्ण मोड़ बताया और उनका मानना है कि इसमें शानदार स्क्रीन टाइम बिताने के लिए मैं आभारी हूं। इवांका ने कहा कि जहां उनके सभी प्रोजेक्ट उनके दिल के करीब रहे हैं, वहीं 'घूमर' उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। वह कहती हैं कि इससे उनके लिए बहुत सी चीजें बदल गईं। इवांका ने कहा, मेरा सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट घूमर है और मुझे लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। 'घूमर' मेरी पहली फिल्म नहीं है। मैंने पहले भी काम किया है, लेकिन मैं आभारी हूं और 'घूमर' में मुझे बहुत अच्छा स्क्रीन टाइम मिला है। यह बहुत अच्छा था और जो कुछ भी मेरे रास्ते में आ रहा है उसके लिए मैं आभारी हूं।



# शूटिंग के दौरान हुए वरुण घायल...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट वीडी 18 की शूटिंग में बिजी हैं। अभिनेता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर साझा की है। वीडी 18 की शूटिंग के वक्त वरुण धवन एक बार फिर खुद को घायल कर लिया है। उनका पैर सूजा नजर आ रहा है। साथ ही पैर पर लाल घाव का निशान भी दिखाई दे रहा है। वरुण ने खुलासा किया है कि लोहे की रॉड से पैर टकराने के बाद वह घायल हो गए हैं। वरुण धवन ने अगस्त में वीडी 18 की शूटिंग शुरू कर दी थी। फिल्म का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी और एटली द्वारा किया जाएगा। एक्टर अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ अपडेट शेयर करते रहते हैं।

## रुबीना ने जुड़वा बेटियों को दिया जन्म..?



**मुंबई।** टीवी अदाकारा रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला अपनी लाइफ में एक कदम आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। फैंस को जब से पता चला था कि रुबीना मां बनने वाली हैं, सभी बेहद खुश हो गए थे, और अब सभी को गुड न्यूज का इंतजार है। खबर आ रही है कि रुबीना और अभिनव पेरेंट्स बन गए हैं। लेकिन इस बात का खुलासा अभी एक्ट्रेस की ओर से नहीं हुआ है। हालांकि इस बात की जानकारी एक्ट्रेस की पायलट ट्रेनर ने की और बताया कि रुबीना ने दो जुड़वा बेटियों को जन्म दिया है। बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। ऐसे में अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## 'पुष्पा- द राइज' के दो साल पूरे, रश्मिका ने जताया आभार



**मुंबई।** अपनी फिल्म 'पुष्पा-द राइज' की रिलीज के रविवार को दो साल पूरे होने पर, श्रीवल्ली के रूप में अपने परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने कहा कि वह आभारी हैं। रश्मिका ने कहा, 'पुष्पा- द राइज' की रिलीज के दो अविश्वसनीय वर्ष पूरे होने पर हम शब्दों से परे आभारी हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, जो मुझे हमेशा आपसे मिला है। यह वास्तव में बहुत ही अवास्तविक लगता है। एक्ट्रेस, जो ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' का भी हिस्सा हैं, ने अपने किरदार गीतांजलि के बारे में उल्लेख किया और कहा कि ये दो भूमिकाएं उनके लिए वास्तव में खास हैं। उन्होंने कहा, श्रीवल्ली से गीतांजलि तक, किरदार मेरे दिल के सबसे करीब हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मिका वर्तमान में 'पुष्पा 2 - द रूल' की शूटिंग कर रही हैं, इसके अलावा उनके पास डी-51, द गर्लफ्रेंड, रेनबो और चावा भी हैं। 'पुष्पा द राइज' ने महामारी के बाद बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म ने 365 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। इसके साथ ही फिल्म साल 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। इसमें रश्मिका के किरदार को बहुत सराहा गया था।

## शांतनु से अलग हुईं सारा की राहें...



**मुंबई।** ग्लैमर वर्ल्ड में रिश्ते बनते और बिगड़ते देर नहीं लगती। अब तक इंडस्ट्री से कई ऐसे कपल्स हैं, जो एक दूजे संग कई सालों तक रिलेशन में रहने के बाद अलग हो गए। अब हाल ही में टीवी इंडस्ट्री की एक और खूबसूरत जोड़ी का अंत हो गया है। एक्ट्रेस सारा अली खान का उनके बॉयफ्रेंड शांतनु राजे से ब्रेकअप हो गया है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी है। सारा खान ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर अपने ब्रेकअप की घोषणा करते हुए लिखा, आपसी सहमति से मैंने और मेरे पार्टनर ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया है।

## श्रुति ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया एक्शन फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में श्रुति ने शराब के सेवन करने के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किया है। श्रुति ने शराब का सेवन न करने को लेकर कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आठ साल से शराब का सेवन नहीं कर रही हूं, इसलिए मैं शांति से अपनी लाइफ जी रही हूं। लेकिन जब आप शराब नहीं पी रहे हों, तो पार्टी में लोगों को बर्दाश्त कठिन हो जाता है। हालांकि, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं है कि मैं कोई हैंगओवर नहीं कर रही हूं। श्रुति ने उन दिनों के बारे में बताया जब उन्हें शराब और पार्टी करने की आदत हो गई थी। उन्होंने कहा, मैंने कभी ड्रग्स का सेवन नहीं किया है।

## तृप्ति की जिंदगी में मिस्ट्री मैन की एंट्री



**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस वक्त वेडिंग सीजन का लुत्फ उठा रही हैं। खुद एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक से बढ़कर एक फोटो फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। दरअसल फोटो में एक्ट्रेस किसी मिस्ट्री मैन के साथ नजर आ रही हैं। फिर क्या था, फोटो देखते ही फैंस ने एक्ट्रेस के रिलेशनशिप स्टेटस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया। लोगों ने तो ये तक दावा कर दिया कि एक्ट्रेस इस मिस्ट्री मैन को डेट कर रही हैं। बता दें कि जिस शख्स के साथ एक्ट्रेस नजर आ रही हैं उनका नाम सैम मर्चेंट है। सैम ने अपने करियर की शुरुआत मॉडल के तौर पर की थी। यही नहीं सैम ने साल 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉम्पिटीशन में खिताब भी जीता था। अब सैम गोवा में अपने खुद का क्लब और होटल रन कर रहे हैं।

# उभरते सितारे : 2024 में ये नए कलाकार करेंगे अपना डेब्यू

*मुंबई। जैसा कि हम 2024 की सिनेमाई पेशकशों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, नए चेहरों की एक लहर सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, जो अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करती है। आइए भारतीय सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार कुछ रोमांचक नवोदित कलाकारों पर करीब से नज़र डालें।*

### शनाया कपूर - वृषभ



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अपनी वंशावली और अभिनय के प्रति स्पष्ट जुनून के साथ, शनाया से बड़े पर्दे पर एक अनोखा आकर्षण लाने की उम्मीद है।

### राशा थडानी - अभिषेक कपूर की अनाम फिल्म



अभिषेक कपूर के आगामी प्रोजेक्ट में अमन देवगन के साथ राशा थडानी भी शामिल होंगी। एक अनुभवी निर्देशक के मार्गदर्शन में इन नवोदित कलाकारों का सहयोग एक ऐसी फिल्म का संकेत देता है जो प्रतिभा और शिल्प कौशल के मिश्रण से विविध दर्शकों को पसंद आ सकती है।

### इब्राहिम अली सरज़मीन



पटौदी-खान परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इब्राहिम अली खान ₹सरज़मीन₹ से अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। देशभक्ति की भावना जगाने वाले शीर्षक के साथ, यह फिल्म इब्राहिम को राष्ट्रीय पहचान के विषयों की खोज करते हुए अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान कर सकती है।

### पश्मीना रोशन - इश्क विश्क रिबाउंड और हीरो नं. 1 टाइगर श्रॉफ के साथ



प्रतिष्ठित रोशन परिवार से आने वाली पश्मीना दोहरी शुरुआत के लिए तैयार हो रही हैं। उनका पहला उद्यम, ₹इश्क विश्क रिबाउंड₹, एक रोमांटिक यात्रा का वादा करता है, जबकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी अनाम फिल्म उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है।

जैसे-जैसे रिलीज की तारीखें नजदीक आ रही हैं, सिनेप्रेमी निस्संदेह इन होनहार सितारों के उद्भव और उनके द्वारा बड़े पर्दे पर जीवंत की जाने वाली अनूठी कहानियों को देखने के लिए उत्साहित हैं। अपने उद्यमों को समर्थन देने वाले स्थापित नामों के साथ, ये नवोदित कलाकार बॉलीवुड के भविष्य को आकार देने और दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

18 Dece Janj Bhoomi-pg4_Layout 1 12/18/2023 9:09 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### किसान स्कूल में दो दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण आज से

**बहेराडीह।** किसान स्कूल बहेराडीह में मंगलवार 19 दिसंबर से दो दिवसीय मशरूम उत्पादन का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के किसानों, महिला समूहों, युवक, युवतियों के लिए किसान स्कूल में दो दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए उम्र की कोई बाध्यता नहीं होगी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग भी प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं। यह प्रशिक्षण गैर आवासीय कार्यक्रम होगा।

### दशहरा मैदान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज 23 से

**बिर्रा।** बिर्रा दशहरा मैदान में बीपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें कुल 32 टीमें भाग लेंगी। प्रवेश शुल्क 3000 रूपये निर्धारित किया गया है। प्रथम भाग्यशाली विजेता को 50001 व चैलेंज ट्राफी, द्वितीय विजेता को 25001 रूपए, तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 10001 रूपए व चतुर्थ विजेता को 5001 रूपए व चैलेंज ट्राफी प्रदान किया जाएगा। साथ ही मैन ऑफ द सीरीज 2100, मैन ऑफ द मैच फाइनल 1100 प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर विधानसभा,चेतन प्रताप सिंह राजमहल बिर्रा, डॉ शुभम शुक्ला शुक्ला हेल्थ केयर बिर्रा सहित जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कांमेट्री जितेन्द्र तिवारी व भूपेन्द्र कुमार कश्यप,एकांश पटेल करेंगे। आयोजन को सफल बनाने फागूलाल पटेल, नीरज कुमार कश्यप,राजा कश्यप, मन्ना ,अतुल थवाईत,सोनटू, पप्पू, कार्तिक, विनय, रियाज, राजेश, प्रितेश, अमित,हर्ष, मुकेश, कोमल, पिंकू,सागर, चंद्रहास, खोगेंद्र, अर्जून वैभव, सूरज कश्यप सहित आयोजन समिति के सदस्य जूटे हुए हैं।

### बेलतरा विधायक के आगमन पर बाराद्वार में हुआ स्वागत



**बाराद्वार।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनता मेडिकल स्टोर्स बाराद्वार में नवनिर्वाचित बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। वे विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने कलेक्टर कार्यालय जेठा जा रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, भाजपा के जिला प्रवक्ता रमेश सिंघानिया, अग्रवाल समाज के संरक्षक सदस्य ओमप्रकाश अग्रवाल, पूर्व बाराद्वार मंडल अध्यक्ष प्रकाश साहू, गगन जयपुरिया, ध्रुव सिंगल, मंडल भाजपा महामंत्री दीपक ठाकुर, मोहन तोदी, जयकिशन केड़िया, राजेश बंसल, मनीष सिंघानिया, डा. धीरेन्द्र खूंटे, सोनू जायसवाल, अंजनी जिंदल, धर्मेंद्र शर्मा, अरुण शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा के साथ-साथ बाराद्वार तथा ग्रामीण क्षेत्र के बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**शिवरीनारायण।** अयोध्या से आये अक्षत कलश को सर्व हिंदू समाज द्वारा मेहंदी से बाइक रैली के माध्यम से शिवरीनारायण लाकर नगर भ्रमण किया गया।

### जनजागरुकता एवं सुरक्षात्मक उपाय ही एचआईवी एड्स से बचाव

**जांजगीर-चांपा।** एचआईवी एड्स एक भयावह बीमारी है, लेकिन यह छूने से नहीं फैलता। अभी मेडिकल साइंस में इस बीमारी का इलाज नहीं लेकिन इसके प्रति जागरूकता एवं बचाव के लिए सुरक्षा अपनाकर इसे रोका जा सकता है। यह विचार कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने विश्व एड्स पखवाड़ा के दौरान व्यक्त किए। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 1 से 15 दिसंबर तक विश्व एड्स पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, एसडी द्विवेदी, पीके श्रीवास्तव, मोहम्मद शाहिद खान, भरत गड़पाले और वरिष्ठ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एमआर स्नेही की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एमआर स्नेही द्वारा आयोजित हुए कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। आवासीय परिसर स्थित विभागीय चिकित्सालय में 18 वर्ष से अधिक वर्ग के युवाओं एवं महिलाओं द्वारा रंगोली के माध्यम से एड्स से बचाव एवं खतरों के प्रति जागरूक बनाया गया। इसके साथ ही स्वैच्छिक एड्स स्क्रीनिंग रक्त परीक्षण शिविर, नारा एवं चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया।

भाजपा नगर मंडल ने संत शिरोमणि गुरु घासीदास की पूजा-अर्चना

# बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान का संदेश सभी के लिए प्रेरणादायी



संत गुरु घासीदास की पूजा-अर्चना करते भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

संत गुरु घासीदास की जयंती अवसर पर भाजपा नगर मंडल ने नाका चौक से शोभा यात्रा निकाली। इसके बाद ग्राम सोठी में गुरु घासीदास की जोड़ा जैतखम की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।

सक्ती नगर के ग्राम पंचायत सोठी में बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को संत शिरोमणि गुरु घासीदास की विशाल रैली सक्ती नगर से निकाली गई। रैली नाका चौक से निकलकर बाराद्वार होते हुए वापस सक्ती पहुंची। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। ग्राम सोठी में गुरु घासीदास की जोड़ा जैतखाम की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया एवं आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का जो संदेश दिया वह सभी के लिए प्रेरणादाई है। बाबा ने शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही सामाजिक समरसता और सबके उत्थान की दिशा में काम किया। इस अवसर पर राम अवतार अग्रवाल, मांगेराम अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, राम नरेश यादव, रंजन सिन्हा, श्रीमती कमले जांगड़े, गोविंद देवांगन, धनंजय नामदेव, मनोज सिसौदिया, सत्यनारायण पटेल, ललित नामदेव, शवजीत सिंह, गोविंद निराला, गौतम, श्रीमती पुष्पेन्द्री कसेरा, मनोहर खुटे, भगवानदास, रामनारायण खुटे, छती सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जय सतनाम सेवा समिति ने निकाली शोभा यात्रा

**बाराद्वार।** जय सतनाम सेवा समिति मुक्ताराजा (बाराद्वार) के द्वारा गुरुघासीदास बाबा के 267 वीं जयंती पर मुक्ताराजा के जैतखंभ से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा निकलने के पूर्व समाज के लोगों द्वारा गुरुघासीदास बाबा के तैल चित्र तथा जैतखंभ की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद शोभायात्रा डीजे के साथ मुक्ताराजा मुख्य मार्ग से पेट्रोल पंप चौक, बस स्टैंड, नेहरू चौक होते हुए नगर भ्रमण किया गया। जय सतनाम सेवा समिति के सदस्य एवं पार्षद नारायण कुर्रे ने बताया कि गुरुघासीदास बाबा के जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई है, जिसमें युवा साथियों के द्वारा सैकड़ों बाईक की रैली के साथ शोभायात्रा की अगुवाई की गई। बड़ी संख्या में माता बहनें भी शोभायात्रा में शामिल हुई। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, पार्षद नारायण कुर्रे, मेंगनू भैना, रामचरण खांडे, गंगा राम खांडे, पीतांबर खांडे, होरीलाल खांडे, भोजराम खूंटे, रविन्द्र खांडे, पियुष कुर्रे, झामलाल कुर्रे, मोतीलाल कुर्रे, गोरेलाल बंजारे, सोनू बंजारे शामिल थे।



## शोभा यात्रा...



**पामगढ़।** बाबा गुरुघासीदास की जयंती के अवसर पर सोमवार 18 दिसंबर को शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में पूरे क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए। फोटो : हरिभूमि

## जांजगीर-चाम्पा सचिव संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने भूपेंद्र



अध्यक्ष बनने पर स्वागत करते पदाधिकारी एवं सदस्य।

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला सचिव संघ जिला जांजगीर-चाम्पा के जिला अध्यक्ष का निर्वाचन मुख्य निर्वाचन अधिकारी अम्बुज यादव प्रदेश पंचायत सचिव संघ छ.ग. के निर्देशन में 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर 3 बजे तक संपन्न हुआ, जिसमें जिला अध्यक्ष हेतु एक मात्र नाम निर्देशन पत्र भूपेंद्र सिंह गहलोत का प्राप्त हुआ। निर्वाचन अधिकारी शत्रुहन साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी कृष्णा चंद्रा एवं लखेश्वर यादव पर्यवेक्षक बिलासपुर संभाग की उपस्थिति में निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। जिला जांजगीर चाम्पा के 4 थी बार लगातार जिला अध्यक्ष बनने से ब्लाक अध्यक्षगण सुमित सिंह सड़वा, राम साहू, कृष्ण कुमार राठौर, बसंत शर्मा एवं अवधेश मिश्रा ने बधाई दिया। इस अवसर पर जांजगीर चाम्पा जिला के पामगढ़, नवागढ़, बलौदा, अकलतरा एवं बम्हनीडीह ब्लाक से सचिव साथी उपस्तिथ रहे। जिला सचिव संघ जांजगीर चाम्पा के कार्यकारिणी पादधिकारी की घोषणा नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा किया गया।

## बौद्धिक परिचर्चा में शामिल हुई न्यायिक मजिस्ट्रेट कैरियर मार्गदर्शन के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

- ओड़ेकेरा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन



कार्यक्रम में शामिल न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य।

शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिवस बौद्धिक परिचर्चा में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री लनिम बनसोड़े शामिल हुई। उन्होंने शिविर में शामिल छात्र-छात्राओं से कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और शिविरार्थियों के जरूरी सवालों का जवाब भी दिया।

मजिस्ट्रेट से मिली कैरियर मार्गदर्शन व जरूरी सवालों का जवाब पाकर छात्र-छात्राएं उत्साही नजर आए। उल्लेखनीय है कि शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद के एनएसएस शिविरार्थियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओड़ेकेरा में सात दिवसीय शिविर लगाया है, शिविर 16 दिसंबर से प्रारंभ हुआ है जो 22 दिसंबर को समाप्त होगा। शनिवार को ओड़ेकेरा सरपंच छोटेलाल भारद्वाज समेत प्रथम दिवस पर पधारे अतिथियों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन व मां सरस्वती की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रोग्राम ऑफिसर के विषय आमंत्रण पर शिविर के दूसरे दिवस 17 दिसंबर दिन रविवार को प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट जैजैपुर शिविर पहुंची जिन्होंने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं से मिलकर उन्हें बौद्धिक साक्षरता से अवगत कराया। इस अवसर पर शांति कुर्रे और भगवती भारद्वाज पैरालीगल वॉलिंटियर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के द्वारा भी शिविरार्थियों को कोई जरूरी जानकारियां दी गई। इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर मनोज बंजारे, प्रो. जीनत पैकरा, अनिल खर्रा, शिविरार्थी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय आंकलन प्रतियोगी परीक्षा का पुरस्कार वितरण कल

**बिर्रा।** राज्य स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय निःशुल्क स्व आंकलन प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन एस्पायर कोचिंग सेंटर बिर्रा द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा में किया गया। परीक्षा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 1100 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। चयनित प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे देव पब्लिक स्कूल प्रांगण बिर्रा में किया जाएगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि लवीना पांडेय एडीएम जांजगीर-चांपा होंगी। अध्यक्षता असीम बिहारी सक्सेना प्राचार्य नवोदय विद्यालय चिस्दा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में कुबेर सिंह उरैती सीईओ बम्हनीडीह, डॉ अजय पटेल प्रोफेसर विश्वेस्वरैया महाविद्यालय कोरबा, एम डी दीवान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह, एस एल साहू बीईओ बिलाईगढ, बसंत चतुर्वेदी प्राचार्य पोडीशंकर, श्रीमती पीलीबाई एकादशिया साहू जनपद सदस्य, श्रीमती शशिचौहान उपस्थिति रहेंगी। चयनित टॉप टेन परीक्षार्थियों को प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 9 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 8 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 7 हजार रुपए, पंचम 6 हजार रुपए, षष्ठम पुरस्कार 5 हजार रुपए, सप्तम 4 हजार रुपए, अष्टम 3 हजार रुपए, नवम 2 हजार रुपए, दशम 1 हजार रुपए दिया जाएगा। 1 से लेकर 50 तक प्रतिभागियो को देव पब्लिक स्कूल बिर्रा के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदाय किया जायेगा। स्व आंकलन परीक्षा को लेकर दुष्यंत कश्यप, मूलचंद देवांगन, बुधेश्वर कश्यप, कमलेश गुप्ता, मनीष वैष्णव, राजू देवांगन जुटे हुए हैं।

## लक्ष्य बनाकर कार्य करने से निश्चित मिलती है सफलता

**चांपा।** शासकीय एम एमआर पीजी महाविद्यालय चांपा का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात शिविर का आयोजन 15 दिसंबर से ग्राम देवरहा (पीथमपुर) में शुभारंभ हुआ। सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती द्रोपती कन्हैया लाल केंवट सरपंच ग्राम पंचायत उदय बंद के उपस्थित में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दामोदर प्रसाद शर्मा सभापति प्रतिनिधि जनपद पंचायत बलौदा थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए संस्था के प्रमुख डॉ बी डी दीवान द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि दामोदर प्रसाद शर्मा ने छात्रों को आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया और कहा हमें अपना लक्ष्य बनाकर कार्य करने से सफलता मिलना निश्चित है और साथ ही साथ हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि अपनी से बड़े बुजुर्गों का मार्गदर्शन में चलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ बी डी दीवान ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्रों के व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है और हमें विभिन्न समस्याओं से लड़ने की क्षमता उत्पन्न होती है साथ-साथ भाईचारे एवं सद्भावना का विकास होता है। मंच का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ डी एन बंजारे द्वारा किया गया। साथ-साथ आभार प्रदर्शन प्रो विवेक जायसवाल के द्वारा किया गया इस मौके पर प्रो गिरिजा चंद्रा, राज किशोर मिरी ,राजकिशोर सेवायक, विकास राठोर, नोहर पटेल करण डहरिया, लंबोदर साहू सहित राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**खास बात**

- एमएमआर कॉलेज का सात दिवसीय शिविर उद्घाटित



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि का स्वागत करते कॉलेज स्टाफ।

## शांति पूर्वक चल रही अर्धवार्षिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा



परीक्षा देते छात्र-छात्राएं एवं निरीक्षण करते शिक्षक।

शासकीय स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा चल रहीं हैं। परीक्षा हॉल में छात्र-छात्राएं शांति पूर्ण तरीके से परीक्षा दिला रहे है।

अर्धवार्षिक परीक्षा आयोजित करने से विद्यार्थियों द्वारा अब तक के शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए कोर्स का कितना प्रतिशत बच्चे तैयारी पूर्ण किया है या कितना प्रतिशत तैयारी करने की आवश्यकता है इससे बच्चों की वास्तविक तैयारी का पता चलता है। अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ 14 दिसंबर से हुआ है। यह परीक्षा लगभग एक सप्ताह तक चलेगी। इसके अलावा परीक्षा हॉल में किसी भी प्रकार की बच्चों द्वारा शोर गुल ना हो इसको ध्यान में रखते हुए स्वयं स्कूल के प्राचार्य श्याम सुंदर साहू परीक्षा हॉल में मौजूद रहते है। साथ ही उन्होंने बच्चो को परीक्षा हॉल में बैठने से पूर्व ही समझाते हुए बताया है की यही आप लोगों की वास्तविक परीक्षा है इसमें आप सभी स्वयं यह आंकलन कर सकते हो की कौन कितना पढ़ाई लिखाई में ध्यान देता है और कौन नहीं। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

## पांच दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव 23 से

- सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**जांजगीर-चांपा।** पांच दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक आयोजित पांच दिवसीय महामहोत्सव के आमंत्रण के लिए सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति के प्रतिनिधि मंडल व समाज के प्रबुद्धगण रायपुर जाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात किया। प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने उन्हें उद्घाटन समारोह में आने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को महामहोत्सव के लिए आमंत्रित किया। डॉ. रमन सिंह ने महामहोत्सव में इस बार सहभागिता करने का आश्वासन देते हुए पूर्व में उनके मुख्य आतिथ्य में आयोजित महामहोत्सव को स्मरण करते हुए पुनः आगमन के लिए आश्वस्त किया।



सीएम से मुलाकात करता प्रतिनिधि मंडल।

प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, रामविचार नेताम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, रायगढ़ के विधायक ओ.पी. चौधरी एवं पूर्व विधायक नारायण चंदेल से मुलाकात कर उन्हें महामहोत्सव के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधि मंडल में ए.आर. सूर्यवंशी, आर. एल. सूर्यवंशी, विजय खरे, टी.सी. रत्नाकर, राजेश ढोसले, चंद्र प्रकाश सूर्या, हरदेव टंडन, आचार्य शिव प्रधान, दुखु राम गोयल, सुखराम गरेवाल, मोहरसाय खरसन सहित सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्य गण शामिल हैं।

